जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

(जन–सम्पर्क अनुभाग)

(प्रेस विज्ञप्ति)

जयपुर डिस्कॉम शिविरों में 827 घरेलू बिजली कनेक्शन जारी

जयपुर, 05 मार्च। जयपुर डिस्कॉम क्षेत्र के विभिन्न जिलो में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत रविवार 4 मार्च, 2018 को आयोजित **बिजली सबके लिए** शिविरों में 827 घरेलू कनेक्शन शिविर स्थल पर ही जारी किये गये।

निगम द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत जयपुर डिस्कॉम क्षेत्र के 12 जिलों में रविवार 4 मार्च, 2018 को घरेलू बिजली कनेक्शन जारी करने के लिए शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरो में बिजली कनेक्शन के लिए 1017 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 827 आवेदकों को मौके पर ही कनेक्शन जारी कर लाभान्वित किया गया एवं शेष आवेदकों को भी शीघ्र ही कनेक्शन जारी कर दिये जाऐगे। रविवार को जारी किये गये कनेक्शनों में 206 कनेक्शन बीपीएल परिवारों को निःशुल्क एवं 621 अन्य आवासों को कनेक्शन जारी किये गये है।

जयपुर डिस्कॉम के जयपुर जिला वृत में सर्वाधिक 375 कनेक्शन जारी किये गये है। इसके साथ ही अलवर जिले में 115, टोंक में 53, दौसा जिले में 37, भरतपुर में 12, सवाईमाधोपुर में 14, करौली में 31, धौलपुर में 48, बारां में 35, बूंदी में 54, झालावाड़ में 43 एवं कोटा जिले में 10 कनेक्शन जारी किये गये है।

————————————

प्रेस विज्ञप्ति संख्या– 712/2018